हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 22.7 डिग्री

11 बदमाशों के बीच मुठभेड़ में दो आरोपियों के पैरों में ...



12 जल भराव से संबंधित शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में करवाएं ...



## बरसात बनी आफत : खेतों में 4 फिट तक पानी खड़ा, पंप सेट से नहीं हो पा रही पूरी निकासी

# जिले में हर तरफ पानी, महम-सांपला के कई गांव डूबे, लगातार बारिश ने बढ़ाई मुश्किलें

*लगातार हो रही बारिश से शहर के कई कॉलोनियों सहित सेक्टरों में कई कई फीट बरसाती पानी जमा हो गया है। लोगों को बाहर निकलने में भी दिक्कत हो रही है। वहीं, कस्बा महम और सांपला के दर्जनों गावों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो चुके हैं। महम में बाढ़ से निपटने के लिए ग्रामीणों को मिट्टी से बांध बनाने पड़ रहे हैं।*

### किसानों को अगली फसल की बिजाई में आ सकती हैं दिक्कत



- रोहतक के ब्लॉक महम के कई गांवों में लगातार बरसात के कारण खेतों में जलभराव की समस्या पैदा हो गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक/महम/सांपला

जिले में रुक-रुककर हो रही बरसात ने गम्भीर समस्या पैदा कर दी है। शहर के कई कॉलोनियों सहित सेक्टरों में कई कई फिट बरसाती पानी जमा हो गया है। वहीं कस्बा महम और सांपला के दर्जनों गांव में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो चुके हैं। महम में बाढ़ से निपटने के लिए ग्रामीणों को मिट्टी से बांध बनाने पड़ रहे हैं। यहां कई ऐसे स्थान हैं, जहां पानी चार फुट तक भरा हुआ है और लोगों के डूबने का खतरा बना हुआ है। इसके साथ ही कई सड़कें जलमग्न होने से लोगों का आना जाना प्रभावित हो रहा है। दिल्ली रोड स्थित सांपला में छह से ज्यादा गांवों के खेतों में पानी भरा हुआ है। ऐसे में कई दिन तक बारिश बाढ़ जैसे हालात पैदा कर सकती है। इससे निपटने के लिए उपायुक्त सचिन गुप्ता दौरे कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, महम में एक दर्जन से अधिक गांवों में लगातार बरसात के कारण खेतों में जलभराव हो गया है। कई दिनों से पानी भरा होने के बावजूद पर्याप्त जल निकासी नहीं हो पा रही है। किसानों को अगली फसल की बिजाई के लिए भी मुश्किलें आ रही हैं। महम के भैणी भैरो, भैणी सुरजन, सैमाण, बहलबा, सीसर सहित कई गांवों में खेत जलमग्न हैं।



सांपला। गांवों में हुए जलभराव का दृश्य।



**यहां इतनी बारिश**

| | |
|---|---|
| रोहतक | 18 एमएम |
| महम | 3 एमएम |
| सांपला | 28 एमएम |
| कलानौर | 2 एमएम |
| लाखनमाजरा | 10 एमएम |

महम की सड़क जलमग्न, यहां से निकलना खतरे से खाली नहीं। फोटो : हरिभूमि

### निकासी नहीं तो पानी खतरनाक लेवल तक बढ़ जाएगा

और कलानौर ब्लॉक के पांच गांवों में खेतों में कई-कई फुट तक पानी खड़ा है, जिससे फसल पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। किसानों का कहना है कि अगर पानी नहीं उतरा तो अगली फसल की बिजाई कैसे करेंगे। किसानों का आरोप है कि प्रशासन अभी तक पर्याप्त जल निकासी नहीं करवा पाया है। ऐसे में और बारिश आई तो पानी का स्तर खतरनाक लेवल तक बढ़ जाएगा। वहीं, रोहतक शहर में भी बरसात के कारण कई जगहों पर जलभराव हो रहा है। गलियों में पानी भरा होने के कारण आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तेज बरसात होने पर निचले इलाकों में पानी भरा जाता है।

### सांपला में कई गांवों में हुआ जलभराव, निकलना मुश्किल

इलाके में लगातार बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। हाल में करीब दस गांव में करीब एक हजार से ज्यादा एकड़ फसल डूब गई है। अगर और बारिश हुई तो ओर भी हालत बिगड़ेंगे। जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। हाल में इस्माईला, भैंसरु खुर्द, समचाना, मोरखेड़ी, अटायल, चुलियाणा, गांधरा, खरावड़ सहित कई गांव में बाढ़ के हालात बनते जा रहे हैं। लोगों ने खेतों में आना जाना बंद कर दिया है। जिससे उनके सामने पुशओं के चारे सहित अन्य कई समस्याएं भी आ रही हैं।

### रेडक्रॉस के पास हुआ जलभराव



## बारिश की स्थिति से निपटने के लिए सरकार अलर्टः डॉ. अरविंद शर्मा



- मंत्री बोले, किसी भी स्थान पर जलभराव की सूचना मिलते ही मौके पर तुरंत पहुंचे अधिकारी
- जिला अधिकारियों से मांगी स्टेटस रिपोर्ट 24 घंटे अलर्ट मोड में रहे कर्मचारी
- कैबिनेट मंत्री बोले, बारिश की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने किया विदेशी दौरा रद

**रोहतक।** कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में हो रही भारी बारिश के चलते लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए सरकार पूरी तरह से अलर्ट है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह लोगों की मदद करे और अगर कही पर भी जलभराव की सूचना मिलती है तो तुरंत पहुंचकर पानी निकासी का प्रबंध करे। साथ ही उन्होंने जिला अधिकारियों से स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी और कहा कि कर्मचारी व अधिकारी 24 घंटे अलर्ट मोड़ में रहे। सोमवार को कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने प्रदेश में हो रही बारिश को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि भारी बारिश को देखते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी अपना विदेशी दौरा तक स्थगित कर दिया है और बारिश को लेकर मुख्यमंत्री स्वयं मॉनटरिंग कर रहे हैं। लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए सरकार पूरी तरह से गंभीर है। फोन पर भी अधिकारियों से क्षेत्र में जलभराव संबंधी बारे में पता किया। शर्मा ने कहा कि लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है और एक दूसरे की मदद करें। प्रशासन पूरी तरह से लोगों के साथ खड़ा है। सांपला स्थित हाईवे के पास जलभराव की समस्या के तुरंत समाधान के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग अंकित कर कार्रवाई की गई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। आईएमटी थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही अजयपाल के नेतृत्व में पुलिस टीम रोहतक खरखौदा रोड, बलियाना मोड़ के पास गश्त में मौजूद थी। इस दौरान युवक को शक के आधार पर काबू किया गया।

### बीएड, एमएड में एडमिशन के लिए आवेदन 15 तक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने संबद्ध शिक्षण महाविद्यालयों में सत्र 2025-26 में बीएड, एमएड, बीएड स्पेशल एजुकेशन तथा एमएड स्पेशल एजुकेशन रेगुलर पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितम्बर तक बढ़ा दी है। एमडीयू की कालेज ब्रांच शाखा ने इस बारे परिपत्र जारी कर बताया कि ऑनलाइन चॉइस फीलिंग एंड लॉकिंग 17 सितंबर तक होगी तथा कैटेगरी वाइज प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 19 सितंबर को डिस्प्ले की जाएगी। फाइनल मेरिट लिस्ट 27 सितंबर को जारी होगी। प्रथम काउंसलिंग 29 सितंबर को, दूसरी काउंसलिंग 8 अक्टूबर को तथा तीसरी काउंसलिंग 13 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल का पुतला फूंका

**रोहतक।** भाजपा नेताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका और नारेबाजी की। अंबेडकर चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं में राहुल गांधी के प्रति रोष देखने को मिला। उन्होंने राहुल गांधी के बयान के बाद पुतला फूका है। भाजपा जिलाध्यक्ष रणबीर ढाका, पूर्व चेयरमैन प्रतिभा सुमन, कुलविंद्र सिक्का, सुखबीर चांदोलिया सहित अन्य नेता मौजूद रहे।



### होटल प्रबंधन संस्थान में हरियाणा पर्यटन दिवस मना

**रोहतक।** तिलियार लेक स्थित होटल प्रबंधन संस्थान में सोमवार को हरियाणा पर्यटन दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। जानकारी देते हुए संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि हरियाणा पर्यटन दिवस के मौके पर संस्थान में प्रतियोगिताएं जैसे रंगोली, क्विज आदि आयोजित की गई तथा इसके अलावा छात्रों ने संस्थान में हर्ब किचन गार्डन तैयार किया।

#### पुलिस लाइन में जवानों को दी गई ट्रेनिंग

## पुलिस को सीपीआर तकनीक से अवगत कराया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पुलिस लाइन में सोमवार को जवानों को योगाभ्यास और सीपीआर तकनीक की ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान योग प्रशिक्षक अमित (आयुष विभाग) ने जवानों को विभिन्न योग आसनों व प्राणायाम का अभ्यास कराया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के उपाय बताए। उन्होंने नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और उचित नींद पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान एएसपी वाईवी आरशशि शेखर ने बताया कि डायल-112 व राइडर पर तैनात जवानों को प्राथमिक उपचार व



सीपीआर तकनीक सिखाई गई। डॉ. योगेन्द्र मलिक (पीएसएम विभाग, पीजीआईएमएस ) ने एक्सीडेंट या अन्य आपात स्थितियों में घायल व्यक्ति की मदद करने के तरीके बताए। रक्तस्राव रोकने, हेड इंजरी वाले मरीज को उठाने, टूटी हड्डी पर पट्टी बांधने जैसे उपयोगी टिप्स दिए।

#### कब उठेगा कूड़ा



**रोहतक।** लोकसंपर्क विभाग के बाहर लगा गंदगी का ढेर। यहां न पर्याप्त ढंग से सफाई होती है और न ही कूड़ा उठाने के लिए कोई प्रबंध है। जबकि इस परिसर में रोजाना अधिकारियों सहित सैकड़ों लोगों का आवागमन रहता है। जिन्हें गदंगी की वजह से असुविधा का सामना करना पड़ता है।

**कार्रवाई** नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा

# एनसीबी का ऑपरेशन आक्रमणः 19.99 ग्राम हेरोइन के साथ महिला सहित 2 तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की रोहतक यूनिट ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। दो अलग-अलग मामलों में एक महिला सहित दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 19.99 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

यूनिट इंचार्ज निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि यह कार्यवाही ब्यूरो प्रमुख-महानिदेशक ओपी सिंह, पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया और उप पुलिस अधीक्षक सतेन्द्र कुमार के निर्देशन में की गई।

डीजीपी ओपी सिंह ने कहा कि नशे के अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। यह कार्रवाई समाज को नशे की गिरफ्त से बाहर लाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।





#### पहली कार्रवाई

सहायक उपनिरीक्षक दीपक अपनी टीम के साथ गश्त पर था। इसी दौरान गुप्त सूचना पर आरोपी सूरज , निवासी करतारपुरा इंद्रा कॉलोनी रोहतक को दबोचा गया। आरोपी से 11.00 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। उसके खिलाफ थाना शहर में मुकदमा दर्ज किया गया।

#### दूसरी कार्रवाई

सहायक उपनिरीक्षक रोहताश की टीम ने गुप्त सूचना पर धोली पत्नी मोनी निवासी खोखराकोट रैनकपुरा, को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके कब्जे से 8.99 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

#### नशा बिकता मिले तो सूचना दें

एनसीबी ने जनता से अपील की है कि यदि कहीं नशा बिकता हुआ दिखाई दे तो तुरंत टोल फ्री नंबर 1933, हेल्पलाइन 9050891508 या ऑनलाइन पोर्टल पर सूचना दें। शिकायतकर्ता का नाम व पता गुप्त रखा जाएगा।

बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी
अस्थल बोहर, रोहतक-124021 (हरियाणा)
Established under Haryana Private Universities Act, 2006
Recognized by the UGC under 2(f) and Member, Association of Indian Universities (AIU)
9053066601 | www.bmu.ac.in
महंत बालकनाथ योगी Chancellor, BMU
Zero Admission Fee* BMU SCHOLARSHIP PROGRAMS
or Free Laptop*
Eligibility Criteria — Marks 85% Above — Scholarship Upto 50%
Scholarship: Sibling, Single Girl Child, Physical Handicapped — Discount Upto 25% OFF
Admissions Open 2025-26
Programmes Offered by the University for Session 2025-26

| Programme | Fee Per Sem. |
|---|---|
| **FACULTY OF AYURVEDA** | |
| BAMS | 2,25,000/- |
| **FACULTY OF NURSING** | |
| ANM/GNM | -------- |
| B.Sc. Nursing | 1,05,000/- |
| Post Basic B.Sc. Nursing | 50,000/- |
| **FACULTY OF PHARMACEUTICAL SCIENCES** | |
| D.Pharmacy | 37,500/- |
| B.Pharmacy | 45,000/- |
| M.Pharmacy | 50,000/- |
| **FACULTY OF PHYSIOTHERAPY** | |
| BPT/ MPT | 45,000/- |
| B.Sc. MLT | 31,000/- |
| Bachelor of Optometry | 31,000/- |
| **FACULTY OF SCIENCES** | |
| B.Sc. (Physical Sciences) (Physics, Chemistry, Mathematics) | 11,000/- |
| M.Sc. (Physics, Chemistry, Mathematics) | 21,000/- |
| B.Sc. (Life Sciences) (Botany, Zoology, Chemistry) | 11,000/- |
| M.Sc. (Botany, Zoology) | 21,000/- |
| B.Sc. (Bio-Technology) | 11,000/- |
| M.Sc. (Bio-Technology) | 21,000/- |
| B.Sc. (Hons.) Agriculture | 31,000/- |

| Programme | Fee Per Sem. |
|---|---|
| **FACULTY OF LEGAL STUDIES** | |
| B.A.L.L.B • LL.B • LL.M | 27,500/- |
| **FACULTY OF MANAGEMENT AND COMMERCE** | |
| BBA | 15,000/- |
| BCA | 17,500/- |
| MBA • MCA | 26,000/- |
| B.Com. • M.Com. | 11,000/- |
| **FACULTY OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY** | |
| B.Tech. (CSE, ME, CE) | 30,000/- |
| M.Tech. (CSE, CE) | 30,000/- |
| **FACULTY OF HUMANITIES AND LIBERAL EDUCATION** | |
| B.A. / B.A. (Hons.) English / B.A. Journ. & Mass Comm. / B.Lib. & Info. Sci / M.Lib. & Info. Sciences / M.A. (English, Hindi, Journalism & Mass Comm., History, Economics, Sociology, Geography, Political Science) | 11,000/- |
| M.A. Sanskrit • Shastri (UG) | 2,500/- |

Ph.D. (All Streams) As Per UGC Norms.
B.Ed. ₹ 22,000/- (Fee Per Sem.) *Affiliated with MDU,Rohtak
New Programmes
VLDD (Diploma in Veterinary) | B.Sc. Nursing | B.Sc. (Hon.) (Agriculture)
Application Fee - 1000 || Admission Fee UG-7500, PG-12500 || Exam Fee- UG-2500, PG-3000 || Hostel Fee 70000 Per Year
*Terms & Conditions Apply



विशेष
शिक्षक दिवस
5 सितंबर

# सबसे बड़ा शिक्षक है समय

समय अच्छा हो या बुरा, समयानुसार घर-परिवार का जीवन, प्रोफेशनल लाइफ के उतार-चढ़ाव, ये हमें ऐसे सबक सिखाते हैं कि शिक्षक भी क्या सिखाएंगे। हर समय-काल में हम जो भी करते हैं, देखते हैं, ये सब हमें व्यावहारिक जीवन का पाठ पढ़ाते हैं, जीवन जीने की कला सिखाते हैं। जीवन में इसकी सार्थकता, उपयोगिता को हर किसी को जरूर समझना चाहिए।

आवरण कथा
**डॉ. मोनिका शर्मा**

घड़ी की टिक-टिक के साथ जिंदगी में हर पल, हर दिन, सामने आने वाले उतार-चढ़ाव, सुख-दुःख और सफलता-असफलता से जुड़े कई बदलाव। यानी, साथ चलने वाला टाइम जो सिखाता है, वो कोई नहीं सिखा सकता। पीड़ा का दौर हो या सुख का समय, अनगिनत सबक अपने साथ लाता है। यह हमसे जुड़े हालातों की ही नहीं, खुद हमारी हिम्मत और सूझ-बूझ की हकीकत से रूबरू करवा देता है। वक्त वाकई एक शिक्षक की तरह ही है, जो जीवन से जुड़े कितने ही फ्रंट्स पर एक नया नजरिया देता है। सीख और समझ के नए पाठ पढ़ाता है। कभी सजगता तो कभी सकारात्मकता के सबक देता है। जिंदगी का ऐसा कोई पहलू नहीं, जिससे जुड़ी सीख शिक्षकों से नहीं मिलती। कुछ इसी तरह समय भी जीवन के हर पक्ष पर कोई ना कोई सबक देता ही है, जरूरत इस बात की होती है कि वक्त के हर पड़ाव पर मिलने वाले अच्छे-बुरे सबक हम याद रखें।

## सीखना एक सतत प्रक्रिया

'जब तक जीना तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।' स्वामी विवेकानंद का यह कथन व्यावहारिक धरातल से जुड़ा सच है। सीखने की प्रक्रिया जीवन भर चलती है। समय की धारा में जीवन के पड़ाव बदलते रहते हैं। परिस्थितियों में उतार-चढाव आते रहते हैं, पर जिंदगी का हर लम्हा कुछ ना कुछ समझाकर जाता है, कभी दुःख में कोई सीख हमारे हिस्से आती है तो कभी सुख कोई पाठ पढ़ा जाता है। जीवन के कठिन दौर में इंसान धैर्य और ठहराव का सबक सीखता है। वहीं सहजता और खुशियों को जीते हुए सहृदय और विनम्र बनने की सीख मिलती है। समझने वाली बात यह है कि दोनों ही हर तरह की परिस्थितियों के, एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह जीवन में आती-जाती रहती हैं। कहते भी हैं कि समय एक जैसा कभी नहीं रहता, वक्त के साथ बहुत कुछ बदलता और नए रंग ढलता हुआ मानवीय जीवन का हिस्सा बना रहता है। जीवन की कक्षा में शिक्षक बन सबक सिखाने वाला समय कभी नहीं ठहरता, जिसके चलते जिंदगी में नए सबक पाने के मोर्चें पर भी कोई ठहराव आता है, यही बात जीवन को गतिशील बनाए रखती है।

### वास्तविकता से परिचय

जिंदगी के हर फ्रंट पर वक्त इंसान को हकीकत से रूबरू करवाता है। अपने-पराए का भेद समझने की बात हो या खुद अपने अहंकार के बदले कुछ खो देने की स्थिति, समय गुरु बन हर परिस्थिति को स्पष्टता से समझा देता है। समय के साथ बनने-बिगड़ने वाले हालात ही इंसान को जीवन के हर सच से मिलवाते हैं, कहा भी जाता है कि वक्त किसी के लिए नहीं रुकता। इसीलिए समय से मिलने वाली शिक्षाएं, जीवन में प्राथमिकताएं तय करने का भाव भी लाती हैं। बीते पल लौटकर नहीं आते, यह समझ जिंदगी को खुलकर जीने की सोच को बल देती है। समय-समय पर हुई गलतियां इंसान में गैर-जरूरी चीजों के पीछे भागते रहने के बजाय, सुकून के साथ जीने का जज्बा पैदा करती हैं। इतना ही नहीं, हकीकत के धरातल पर वक्त ही रिश्तों के कच्चे-पक्के रंगों से भी मिलवाता हैं। हकीकत का सामना करवाने वाला समय का फेर हमें जीवन के ही नहीं, मन के मोर्चे पर भी बदल देता है। समय इंसानी समझ के पहलू को संवारता है। तालमेल की सीख देता है। जैसे शिक्षकों की भूमिका सोच को दिशा देने में अहम होती ही है, व्यावहारिक समझ को बेहतर बनाने में भी उनका अमूल्य योगदान होता है, वैसे ही समय का पाठ समय ही पढ़ाता है।



## हर पीड़ा का मरहम

वक्त हर पीड़ा का मरहम होता है। समय ही यह सिखाता है कि जीवन का हर दौर गुजर जाता है, इसीलिए धैर्य और दृढ़ता का गुण हम टाइम टीचर से ही सीखते हैं। समय हमारे भीतर यह भरोसा जगाता है कि मन की टूटन हो, रिश्तों का अलगाव हो या काम-काजी जिंदगी के फ्रंट पर कोई उलझाव-बिखराव, एक दिन सब ठीक हो जाता है। बस खुद को थामे रहने की दरकार होती है। कोई नेगेटिव कदम उठाने से दूर, वक्त दुख-दर्द झेलते हुए धैर्य रखना सिखाता है। समय कभी बदलाव को स्वीकार आगे बढ़ना तो कभी हालातों का डटकर सामना करने का पाठ पढ़ाता है। कहते हैं कि समय के फेर के आगे इंसान कुछ नहीं कर सकता है। हां, इस फेर में 'टाइम टीचर' से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। सच तो यह है कि इंसान किसी पुस्तक में पढ़े पाठ को भूल सकता है पर समय के उतार-चढावों से मिले किसी भी सबक को भुला पाना मुश्किल होता है। लाजिमी भी है, क्योंकि समय ऐसे सबक कठिन परीक्षा लेकर देता है। अनमोल कहा जाने वाला समय, जीवन के बहुत से पहलुओं पर वाकई अमूल्य सीख दे जाता है।



# ऑफिस में ऐसे बनेगी अच्छी इमेज



हर वर्किंग वूमेन वर्क प्लेस पर अपनी अच्छी इमेज बनाए रखना चाहती है। यह प्रोफेशल प्रोग्रेस के लिए जरूरी भी है। अगर आप कुछ बातों का ध्यान रखेंगी तो आपकी वर्क प्लेस इमेज बहुत बेहतर रहेगी, कुलीग्स ही नहीं, बॉस भी आपको एप्रिसिएट करेंगे।

वर्किंग वूमेन
**प्रतिभा अग्निहोत्री**

अकसर देखा जाता है, एक ही ऑफिस में कुछ महिलाएं अपने वर्क प्लेस पर बहुत अच्छी इमेज बना लेती हैं, वहीं बाकी महिलाएं अधिक काम करके भी ऐसा नहीं कर पातीं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कुछ महिलाएं सिर्फ काम करती हैं तो कुछ काम को स्मार्टली और बेहतर ढंग से अंजाम देती हैं। आप भी जरूर अपने वर्क प्लेस पर अपनी इमेज को अच्छा बनाना चाहेंगी, तो इन बातों को ध्यान में रखें-

**पंक्चुअल रहें:** अकसर महिलाओं को लगता है कि पांच-दस मिनट ऑफिस लेट आने से क्या फर्क पड़ता है या कौन सा बॉस देख रहा है? आपकी यह सोच आपकी प्रोफेशनल इमेज को खराब करती है। एक बार खराब इमेज बन जाने पर उसे सुधारना काफी मुश्किल होता है। टाइम से दस मिनट पहले ऑफिस पहुंचने का नियम बनाएं, इससे आपके सीनियर्स को लगता है कि आप अपने काम के प्रति काफी सीरियस हैं।

### विनम्र-व्यवहार कुशल बनें

**कोई भी** गलती हो जाने पर उसे विनम्रतापूर्वक स्वीकार करके सुधारने का प्रयास आपकी प्रोफेशनल लाइफ को बेहतर बनाएगा। अपने सहकर्मियों के साथ भी अपने व्यवहार को लचीला और सुमधुर रखें। इससे ऑफिस में आपकी छवि अच्छी रहेगी।



**कंफर्ट जोन से बाहर निकलें:** अकसर वर्किंग वूमेन, किसी भी नए काम को करने या एक्सपेरिमेंट करने से बचती हैं, वे बने-बनाए ढर्रे पर चलना पसंद करती हैं। ऐसा करने के बजाय आप अपनी तरफ से इनोवेटिव प्रयास करें, अपने काम में अपनी क्रिएटिविटी को जोड़ें। इस तरह काम करने से ऑफिस में आपकी एक अलग छवि बनेगी, जो आपकी प्रोफेशनल लाइफ की इमेज को बेहतर बनाएगी।

**वीकनेस पर वर्क करें:** अनामिका का अपने प्रोजेक्ट पर आइडिएशन बहुत अच्छा था, लेकिन उसका एग्जीक्यूशन उतना ही कमजोर था, जिससे अकसर उसका आइडिया भी फ्लॉप हो जाया करता था। ऐसा आपके साथ ना हो इसके लिए यह समझना होगा कि कमियां हर इंसान के काम में हो सकती हैं, लेकिन जरूरी है कि अपनी उन कमियों को पहचानें, उन्हें दूर करें। वर्कप्लेस में अपनी कमियों को पहचानकर उन्हें जल्दी से जल्दी दूर करने का प्रयास करें, इससे आपकी छवि बेहतर बनेगी।

**समय सीमा का ध्यान रखें:** हर काम की एक निश्चित समय सीमा होती है। बेहतर है कि आप अपने हर ऑफिसियल कार्य को समय सीमा में ही समाप्त करें, इससे आपका कार्य समय पर समाप्त होगा ही, साथ ही बॉस की नजरों में आपकी इमेज भी बहुत अच्छी रहेगी।

**व्यवस्थित रहें:** अपने काम पर हमेशा फोकस्ड रहें, साथ ही व्यवस्थित भी रहें। अपनी डेस्क, कबर्ड और फाइल्स को हमेशा व्यवस्थित रखें ताकि जरूरत पड़ने पर आप इन्हें जल्दी से निकाल सकें या फिर आपकी अनुपस्थिति में कोई दूसरा भी आवश्यकतानुसार इनका उपयोग कर सके।

# थायरॉइड जानें लक्षण-कराएं उपचार

हाल के वर्षों में बहुत सी महिलाएं थायरॉइड की समस्या से ग्रसित हो रही हैं। क्या हैं इस रोग के कारण, इसके लक्षणों को कैसे पहचानें, इससे बचाव और उपचार के बारे में डिटेल में जानिए।

मेडिकल एडवाइस
**डॉ. धीरज कपूर**
एचओडी-एंडोक्राइनोलॉजी
आर्टिमिस हॉस्पिटल, गुरुग्राम



हमारे शरीर में थायरॉइड नामक एंडोक्राइन ग्लैंड, गले के निचले हिस्से में स्थित होता है। इस ग्लैंड से खास तरह के हार्मोन टी-3 और टी-4 का स्राव होता है, जो शरीर की अनेक कोशिकाओं को सही ढंग से काम करने में मदद करते हैं। मेटाबॉलिज्म की प्रक्रिया को नियंत्रित करने में भी इन दोनों हार्मोंस का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इनकी कमी या अधिकता से भूख, नींद, वजन, शारीरिक वृद्धि और मनोदशा प्रभावित होती है।

**रोग के कारण :** जब थायरॉइड ग्लैंड से निकलने वाले हार्मोन में असंतुलन हो जाता है तो व्यक्ति इससे संबंधित रोग से ग्रसित हो जाता है। इसके अलावा आनुवांशिकता, जन्मजात रूप से ग्लैंड की संरचना में कोई गड़बड़ी, एंटीबायोटिक्स या स्टेरॉयड दवाओं के साइड इफेक्ट से भी थायरॉइड ग्लैंड की कार्य क्षमता प्रभावित हो सकती है।

**रोग के प्रकार:** आमतौर पर इस समस्या के दो रूप देखने को मिलते हैं, पहले प्रकार की समस्या को हाइपोथायरॉइडिज्म कहा जाता है। इसमें थायरॉइड ग्लैंड धीमी गति से काम करता है। इसकी वजह से शरीर के लिए आवश्यक हार्मोन टी-3 और टी-4 बहुत सीमित मात्रा में यानी जरूरत से कम मात्रा में बनता है। इससे टीएसएच हॉर्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जो ग्लैंड को अधिक मात्रा में हार्मोन बनाने के लिए उत्प्रेरित करता है। दूसरी अवस्था को हाइपरथायरॉइडिज्म कहते हैं। इसमें टी-3 और टी-4 हार्मोंस अधिक मात्रा में बनने लगता है, इससे टीएसएच यानी थायरॉइड स्टिम्युलेटिंग हार्मोन का निर्माण सीमित मात्रा में होने लगता है। रिसर्च से यह तथ्य सामने आया है कि अधिकतर लोगों में हाइपो थायरॉइडिज्म यानी हार्मोन का स्तर घटने की समस्या देखने को मिलती है। हाइपरथायरॉइडिज्म यानी हार्मोन का स्तर बढ़ने की समस्या एक प्रतिशत लोगों में ही देखने को मिलती है।

**प्रमुख लक्षण :** इस रोग में अलग-अलग लक्षण दिख सकते हैं। हाइपोथायरॉइडिज्म में जहां वजन बढ़ना, कब्ज, बाल झड़ना, त्वचा में रूखापन, पीरियड्स में अनियमितता, थकान और सुस्ती जैसे लक्षण नजर आते हैं, वहीं हाइपरथायरॉइडिज्म में वजन घटना, लूज मोशन, बेचैनी, पीरियड्स में ज्यादा ब्लीडिंग, चिड़चिड़ापन और अनिद्रा जैसे लक्षण नजर आते हैं।

**रोग के साइड इफेक्ट्स :** थायरॉइड की समस्या के कई साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। कंसीव करने से पहले महिलाओं को थायरॉइड की जांच अवश्य करवा लेनी चाहिए। अगर कोई समस्या हो तो दवाओं के नियमित सेवन से उसे दूर करने के बाद ही पारिवारिक जीवन की शुरुआत करनी चाहिए। अन्यथा इसकी वजह से मिसकैरेज और शिशु में जन्मजात मानसिक दुर्बलता जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**प्रस्तुतिः विनीता**

### बचाव और उपचार



**अगर थायरॉइड** रोग से संबंधित कोई भी लक्षण नजर आए तो इसकी जांच अवश्य कराएं। अगर हाइपोथायरॉइडिज्म समस्या हो तो रोजाना सुबह खाली पेट दवाओं का सेवन जरूर करें। अगर हाइपरथायरॉइडिज्म हो, तो खाली पेट दवा लेना जरूरी नहीं है, आप किसी भी वक्त दवा ले सकती हैं। हर छह महीने के अंतराल पर नियमित जांच जरूरी है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में सोयाबीन, बंदगोभी और ब्रॉक्ली से परहेज करें। नियमित जांच और दवाओं का सेवन ही इसका एकमात्र उपचार है। गंभीर स्थिति में आयोडीन थेरेपी भी दी जाती है। यह जीवनशैली से जुड़ी समस्या है, स्वस्थ आदतें अपना कर और दवाओं के नियमित सेवन से इसे आसानी से मैनेज किया जा सकता है।

# ड्राय बालों की ऐसे करें केयर



हेयर केयर
**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

बहुत सी महिलाएं अपने रूखे और बेजान दिखने वाले बालों से परेशान रहती हैं। इनके उपचार के लिए सैलून जाती हैं या कॉस्मेटिक उत्पादों का सहारा लेती हैं, लेकिन इसके बावजूद अकसर समस्या का सही समाधान नहीं मिल पाता। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो कुछ बहुत ही आसान घरेलू तरीके से उपचार कर सकती हैं। कैसे, विस्तार से यहां बता रहे हैं आपको।



**तेल और दही :** आपकी रसोई में रखा सरसों का तेल और दही बालों के रूखेपन की समस्या को काफी हद तक दूर कर सकता है। इसके लिए कांच की कटोरी में दो चम्मच ताजा दही लें और उसमें एक चम्मच सरसों का तेल मिलाएं। दोनों को अच्छी तरह मिक्स करके एक चिकना पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट को अपने सिर की त्वचा और बालों की लंबाई पर अच्छी तरह लगाएं ताकि यह बालों में समा जाए और आधे घंटे बाद माइल्ड शैंपू से बाल धो डालें।



**एलोवेरा जैल :** ड्राय बालों को मॉयश्चराइज करने में एलोवेरा जैल मदद करता है। एलोवेरा जैल को सीधे बालों पर लगाएं और 30 मिनट बाद धो लें। एलोवेरा जैल को बालों पर सीधा लगाने के बजाय आप इसे दही के साथ मिक्स कर अपने बालों पर लगा सकती हैं। इसके लिए आप ताजे एलोवेरा जैल को एक कंटेनर में निकाल लें। फिर इसमें दो बड़े चम्मच दही मिक्स कर दें। अब इस मिश्रण को फेंट लें। इसे अपने बालों में 30 मिनट के लिए लगाकर रखें और बाद में बालों को माइल्ड शैंपू से धो डालें। इससे ड्राय बाल मॉयश्चराइज्ड हो जाएंगे।

**नीबू और दही :** बालों की रूसी से छुटकारा पाने के लिए दही और नीबू को साथ मिलाकर लगाया जा सकता है। आधा कप दही में कुछ बूंदें नीबू के रस की मिलाएं और बालों पर लगाकर आधे घंटे रखने के बाद धो लें। इससे सिर की खुजली भी कम हो जाती है।



**बाल बनेंगे मुलायम :** बालों को नम और मुलायम बनाने में नारियल तेल काफी फायदेमंद साबित होता है क्योंकि नारियल का तेल एक नेचुरल मॉयश्चराइजर है, जो बालों में प्रवेश करके उन्हें मुलायम बनाता है और बालों की जड़ों तक नमी पहुंचाता है। अच्छे परिणाम के लिए सप्ताह में एक बार गुनगुने नारियल तेल से बालों की जड़ों से लेकर सिरे तक मालिश करें और इसे आधे घंटे के लिए छोड़ दें ताकि नारियल तेल बालों में अच्छी तरह रच जाए, फिर माइल्ड शैंपू कर लें।

# बहुत जरूरी है सस्टेनेबल लाइफस्टाइल



पॉली बैग्स को कहिए 'ना'



ना होने दें पानी की बर्बादी



सोलर एनर्जी का करें यूज

अवेयरनेस
**बुशरा फातमा**

जिंदगी की भाग-दौड़ में हम अपनी सुविधाओं और लापरवाही के लिए प्रकृति पर लगातार बोझ डाल रहे हैं। आए दिन होने वाली प्राकृतिक आपदाएं हमें आगाह कर रही हैं कि अगर हमने समय रहते प्राकृतिक संसाधनों को नहीं सहेजा तो भविष्य में छोटी-छोटी चीजों के लिए हम तरसेंगे। इसलिए हमें अपनी जीवनशैली में कई तरह के बदलाव लाने की जरूरत है, जो सस्टेनेबल हों, जिससे हमारी जरूरत और प्रकृति के बीच संतुलन बना रहे।

**जरूरतों को नियंत्रित करें:** कई बार हम ऐसी चीजें भी खरीद लेते हैं, जिसकी जरूरत शायद ही कभी हमें पड़े। चूंकि वो चीज हमें पसंद आ गई तो हम उसे खरीद लेते हैं। सस्टेनेबिलिटी का पहला कदम ही यही है कि जब जरूरत हो तभी सामान खरीदें।

**प्लास्टिक का मिनिमम यूज करें:** अपने दैनिक इस्तेमाल में जितना हो सके प्लास्टिक की जगह कांच, स्टील आदि का इस्तेमाल करें। प्लास्टिक न सिर्फ पर्यावरण के लिए नुकसानदेह होता है बल्कि इससे हमारे स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। किचेन में इस्तेमाल होने वाले सामानों के लिए प्लास्टिक का चुनाव बिल्कुल ना करें। बच्चों के लिए फैंसी प्लास्टिक बॉटल्स और टिफिन की जगह स्टील के टिफिन खरीदें। जब हम बाहर जाते हैं तो पानी की बोतल खरीद लेते हैं या चाय कॉफी के लिए प्लास्टिक के डिस्पोजेबल कप का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन अगर हमें अपनी धरती को बचाना है और अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना है तो पानी बोतल हमेशा घर से लेकर जाएं। कपड़े का बैग हमेशा साथ लेकर मार्केट के लिए निकलें ताकि प्लास्टिक बैग में सामान लेने की जरूरत न पड़े।

**रोकें पानी की बर्बादी:** यह बात हम सब जानते हैं कि साफ-मीठे पानी के प्राकृतिक स्रोत अब कम हो गए हैं, फिर भी हम पानी के अनावश्यक इस्तेमाल से खुद को रोक नहीं पाते। वर्षा जल का संरक्षण भी जरूरी है। इसके लिए किचेन के वेस्ट वाटर को गार्डनिंग में इस्तेमाल कर सकते हैं। वॉश बेसिन में ब्रश करते समय, बाथरूम में नहाते समय पानी बर्बाद होने से रोकें।

**ऊर्जा की बचत है जरूरी:** घर में ऐसे लाइट्स लगवाएं, जिसमें ऊर्जा की कम खपत हो। संभव हो तो सोलर एनर्जी का यूज किया जा सकता है।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि



अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप



महम। यज्ञ में आहुति डालते आर्य स्कूल मदीना के विद्यार्थी व शिक्षक।

### लोगों को हवन करने के लिए किया प्रेरित

**महम।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में सोमवार को मासिक हवन का आयोजन किया गया। विद्यार्थि्रयों, शिक्षकों और अन्य सभी स्टाफ सदस्यों ने मिलकर विश्व शांति के लिए यज्ञ में आहुति डाली। ग्यारहवीं कक्षा के विद्याथियों ने यजमान की भूमिका निभाई। आचार्य करतार शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ सम्पन्न करवाया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को यज्ञ के वैज्ञानिक पहलू की विश्लेषणात्मक व्याख्या की। बच्चों को महीने में कम से कम एक बार हवन करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य अशोक दांगी ने प्राचीन भारतीय संस्कारों की चर्चा करते हुए पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया।

### ट्रस्ट ने शुरू की दो मुफ्त एंबुलेंस सेवाएं

**सोनीपत।** कोमल ट्रस्ट ने दो मुफ्त एंबुलेंस सेवाओं की शुरुआत की है। एक एंबुलेंस मरीजों को ले जाने के लिए है, जबकि दूसरी लावारिस शवों को अस्पताल से श्मशान घाट तक पहुंचाने और उनका सम्मानजनक अंतिम संस्कार करने के लिए उपलब्ध कराई गई है। सोमवार को नागरिक अस्पताल में पहुंचे विधायक निखिल मदान ने हरी झंडी दिखाकर गाड़ियों को रवाना किया। कोमल ट्रस्ट के समर राणा और अमित कुमार ने बताया कि यह एंबुलेंस नागरिक अस्पताल, सोनीपत से 10 से 15 किलोमीटर की दूरी तक आने वाले मरीजों को मुफ्त सेवा देगी। इस मौके पर सिविल सर्जन डा. ज्योत्सना, डा. संदीप लटवाल, डा. नितिन परसवाल समेत कई स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### भांजो ने मामा के मकान में की चोरी, केस दर्ज

**गन्नौर।** दुभेटा गांव में मामा के बंद में घुस कर दो भंजो ने नकदी व आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। मकान मालिक ने अपने भांजो के खिलाफ चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में गांव दुभेटा निवासी अनिल ने बताया कि वह खेती-बाड़ी का काम करता है। वह चार दिन के लिए किसी काम से बाहर गया था। जब 29 अगस्त को वह घर वापिस लौटा। जब उसने अपनी अलमारी खोल कर देखी तो सामान बिखरा हुआ मिला। अलमार से 7 हजार रुपये की नकदी, एक हीरे की अंगूठी, 2 सोने की अंगूठी, एक जोड़ी कान के झुमके गायब थे। जबकि उसके भाई की अलमारी से भी तीन हजार रुपये की नकदी, दो तोले की सोने की चेन व दो सोने की अंगूठी चोरी हुई मिली। उन्होंने अपने स्तर पर पता किया।

## एवीटी और बदमाशों के बीच मुठभेड़ में दो आरोपियों के पैरों में लगी थी गोली

# दो नाबालिग सहित चार गिरफ्तार, सात वारदातों का पुलिस ने किया खुलासा

सीसीटीवी फुटेज में आरोपी गांव आंवल की ओर भागते दिखाई दिए, पुलिस मुठभेड़ के बाद काबू में आए

20 अगस्त को गांव गढ़ टेकना स्थित शराब ठेके पर चार युवकों ने लूटे थे 15 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

एवीटी स्टाफ की टीम ने बदमाशों से मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी थी। जिन्हें इलाज के लिए पीजीआईएमएस रोहतक में भर्ती कराया गया था। मौके से दो नाबालिग आरोपियों को भी काबू किया गया था। बदमाशों के कब्जे से अवैध हथियार और मोटरसाइकिल बरामद की गई थी। प्रभारी एवीटी स्टाफ उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार ने बताया कि 20 अगस्त को गांव गढ़ टेकना स्थित शराब ठेके पर चार युवकों ने गन प्वाइंट पर 15 हजार रुपये लूट लिए और फरार हो गए। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी गांव आंवल की ओर भागते दिखाई दिए। एवीटी टीम ने पीछा किया तो युवकों ने पुलिस पर गोलियां चलाईं। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए चेतावनी के बाद पैरों में फायर किया और सोमबीर उर्फ चवनी निवासी लाखनमाजरा तथा सुमित उर्फ चामरा निवासी सुनारिया खुर्द को काबू कर लिया। दोनों आरोपियों को पैर में गोली लगी। साथ ही दो नाबालिग भी मौके से पकड़े गए।

### आरोपियों से 7 वारदातों का खुलासा

- 20 अगस्त को मुरादपुर टेकना शराब ठेके पर 15 हजार रुपये की लूट।
- 18 अगस्त को खरैंटी-गिरावड़ रोड पर युवक से रुपये व मोबाइल फोन छीनना।
- 17 अगस्त को भाली आनंदपुर लिंक रोड पर पिस्तौल के बल पर लूट।
- 16 अगस्त को आईएमटी क्षेत्र में लूट।
- 15 जुलाई को खिड़वाली में घर में घुसकर गोली मारने की कोशिश।
- 5 जुलाई को नामदेव चौक के पास मोटरसाइकिल छीनी।
- 23 जून को सुनारिया गांव में घर में घुसकर धमकी दी।

### दोनों आरोपियों का आपराधिक रिकार्ड

आरोपी सोमबीर व सुमित का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी सोमबीर के खिलाफ जिला रोहतक में हत्या का प्रयास, लूट व अन्य धाराओं के तहत 5 मामले दर्ज है। आरोपी सुमित उर्फ चामरा के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास व अन्य धाराओ के तहत 4 मामले दर्ज है। 29 अगस्त को आरोपी सुमित व सोमबीर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। आरोपियों को रिमांड अवधि समाप्त होने पर कोर्ट के आदेश पर न्यायिक हिरासत भेजा गया है।



### एमडीएन पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार सफलता

**रोहतक।** एमडीएन पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने अपने अदम्य उत्साह और साधना से यह सिद्ध कर दिया कि परिश्रम और समर्पण सफलता की आधारशिला है। 23 अगस्त से 30 अगस्त तक आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के कुल 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह रहा कि इन विद्यार्थियों ने अलग-अलग प्रकार की खेल विधाओं में सहभागिता की और अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नई पहचान बनाई। प्रत्येक खिलाड़ी ने अपनी विशिष्ट क्षमता का परिचय दिया और प्रतियोगिताओं में ऐसा प्रदर्शन किया कि 40 में से 29 खिलाड़ी विजेता बने और स्वर्ण पदक अर्जित किए। यह उपलब्धि विद्यालय के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित होगी।

### उपराष्ट्रपति चुनाव के बाद बनेगा भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष

- बरसात आना खुशी की बात, 36 साल का तोड़ा रिकॉर्ड

**रोहतक।** भाजपा प्रदेश कार्यालय मंगल कमल पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रदेश में हो रही बरसात खुशी की बात है। बरसात ने 36 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। जहां बाढ़ जैसे हालात हैं, वहां हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए सरकार के इंतजाम पूरे हैं। कहीं कोई परेशानी नहीं आ रही। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा में कहीं भी 3 घंटे से अधिक पानी नहीं ठहर रहा है, जो सही है। अगर इससे ज्यादा कहीं पानी रुकता है तो निकासी के उचित प्रबंध नहीं है। अंबाला के दो गांवों में जरूर दिक्कत हुई है। यह प्राकृतिक आपदा है और सरकार इसके लिए तैयार है। अगर फसल खराब हुई है तो सरकार मुआवजा दे रही है। उपराष्ट्रपति चुनाव के बाद बनेगा राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि देशभर में प्रांतीय अध्यक्ष बनाए जा रहे है। पंजाब में कार्यकारी अध्यक्ष बनाया है। कुछ राज्यों के बचे हुए है, जिनमें हरियाणा भी एक है। बीच में उपराष्ट्रपति चुनाव भी है, जिसके बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाएगा।

## छात्रों को शिक्षा का महत्व बताया / विद्यालय में होता है चरित्र का निर्माण

- शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुआ हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान" संकल्प कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान" संकल्प कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें विद्यालय परिवार ने सामूहिक रूप से अपने विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित, हरित एवं प्रेरणादायी बनाने का दृढ़ निश्चय किया।इस अवसर पर विद्यालय के आंगन में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण तथा विद्यालय परिवार के सभी सदस्य एकत्रित हुए और एक उत्साहपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वरिष्ठ आचार्य शैलेन्द्र शर्मा द्वारा कराया गया शपथ-वाचन रहा। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक एवं डॉ. दिनेश मदान ने भी यह विश्वास प्रकट किया कि यह संकल्प विद्यालय को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएगा और विद्यार्थियों में अनुशासन, संस्कार तथा राष्ट्रभक्ति की भावना को और प्रगाढ़ करेगा। इस अवसर पर विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

### दृढ संकल्प लिया

प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा देने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र-निर्माण, आत्मिक विकास और समाज-सेवा की सशक्त प्रयोगशाला है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने यह दृढ़ संकल्प लिया कि "हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ है, हमारी आत्मा का अभिमान है और राष्ट्र-निर्माण का आधार है।

## एचडी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम / श्लोक प्रतियोगिता में अंशिका वनिका और पूर्वी रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



महम। श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता के विजेताओं को पत्र प्रदान करते एचडी स्कूल खेड़ी महम के शिक्षक। *फोटो : हरिभूमि*

एचडी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम में श्लोक वाचन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रिंसिपल शालिनी गुप्ता ने बताया कि यह प्रतियोगिता कक्षा छठी से आठवीं तक के बच्चों के लिए आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साह व जोश के साथ भाग लिया। बच्चों ने इस प्रतियोगिता के माध्यम से संस्कृत भाषा का गौरवमयी इतिहास जाना। स्कूल निदेशक कुलवंत नहरा ने बताया कि संस्कृत भाषा सभी भाषाओं की जननी है। हमारे रामायण, महाभारत जैसे ग्रंथ, वेद, पुराण और उपनिषदों की रचना संस्कृत भाषा में ही हुई थी। श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में बच्चों ने रामायण ,महाभारत व गीता के श्लोक सुनाए। इस प्रतियोगिता में छठी कक्षा की अंशिका सुपुत्री जसमेर, सातवीं कक्षा की छात्रा वनिका सुपुत्री अरविंद और आठवीं कक्षा की छात्रा पूर्वी सुपुत्री सतीश कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में आशा गीता, संदीप व मनी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

## स्वच्छता को जन आन्दोलन बनाने का किया आह्वान / जिले को स्वच्छ व सुन्दर बनाना सबकी जिम्मेदारी

- ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में आज 11 बजे दिलाई जाएगी स्वच्छता शपथ
- स्वच्छता शपथ को लेकर संबंधित एसडीएम की लगाई गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिलावासियों से स्वच्छता को एक जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया है। जिला में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को लेकर उपायुक्त सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में शिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। सचिन गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता को लेकर 2 सितंबर को प्रातः 11 बजे सभी शिक्षण संस्थाओं, स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालयों सहित सभी शिक्षण संस्थानों, उद्योगों, सभी कार्यालय, पुलिस स्टेशन व पुलिस चौकी में एक साथ स्वच्छता की शपथ दिलाई जाएगी। स्वच्छता की शपथ का कार्यक्रम ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में होगा। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता का अभियान लगातार जारी रहेगा। शपथ का कार्यक्रम एक शुरुआत मात्र है। उन्होंने कहा कि शपथ लेने वाला व्यक्ति स्वयं को स्वच्छता के प्रति सजग रहने और इसके लिए समय देने का संकल्प लेता है।

### महिलाओं की शक्ति को नई उड़ान देगी लाडो लक्ष्मी योजना : मंजू

**रोहतक।** जिला परिषद चेयरपर्सन व हरियाणा भाजपा युवा प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू हुड्डा ने ने मुख्यमंत्री नायब सैनी का धन्यवाद करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्यरत है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरुआत की है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। कहा कि इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने औा महिलाओं की भूमिका को अधिक मजबूत करना है।

## ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन



**रोहतक।** शासकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवागंतुक छात्राओं के स्वागत हेतु ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. मीनू नैन, डॉ. दीपक मलिक, डॉ. ज्योति, डॉ. वीना सचदेवा तथा डॉ. अभिलाषा रोहिल्ला भी उपस्थित रही। कार्यक्रम में छात्राओं एवं संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा ने अपने स्वागत भाषण में छात्राओं को अकादमिक उत्कृष्टता, अनुशासन एवं समग्र विकास के महत्व पर बल दिया और उन्हें उपलब्ध अवसरों का पूर्ण लाभ उठाने तथा महाविद्यालय की परंपराओं एवं मूल्यों को बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। इस ओरिएंटेशन का उद्देश्य नवप्रवेशी छात्राओं को महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, नियमों एवं विनियमों, परिसर सुविधाओं, क्लबों तथा छात्र सहयोग सेवाओं से परिचित कराना था। इसमें संस्थागत नियमों, नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन की जानकारी दी गई। सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न छात्रवृत्तियों सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति तथा स्वतंत्रता सेनानियों के पोतों-पोतियों की जानकारी भी प्रदान की गई। साथ ही, डॉ. सरोजिनी देवी स्मृति पुरस्कार की घोषणा की गई, जो मेधावी छात्राओं को महाविद्यालय स्तर पर दिया जाता है।

### सूचना

मैं, राकेश कुमार पुत्र श्री महेन्द्र निवासी नूना माजरा तहसील व जिला झज्जर हालआबाद सुनारियां रोड रामनगर, कालोनी नियर एसबीआई एटीएम रोहतक तहसील व जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरी पुत्री शशि मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ADARSH COLLEGE OF EDUCATION
Adarsh School Of Nursing
MADINA, ROHTAK
Affiliated to Haryana Govt. HNRC & INC
ADMISSION OPEN
ANM 2 YEARS | GNM 3 YEARS | JBT 2 YEARS
LIMITED SEATS
SC/ST को सरकार से 100% फीस छात्रवृति
ELIGIBILITY: 10+2 in any stream with 45% Marks
SC/BC with 40% Marks | AGE LIMIT: 17-35 Years.
Required Nursing Tutors
रोहतक और नजदीक के गांव से बस सुविधा उपलब्ध
Mob.: 8307117069, 9306840763, 9485578148
Email: adarshschoolmadina@gmail.com

## जिले में जल निकासी का कार्य युद्ध स्तर पर जारी

# शिकायतों को सकारात्मकता के के साथ निपटाए : उपायुक्त

- लोगों की सुरक्षा के प्रति जिला प्रशासन कृत संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर यथाशीघ्र उचित समाधान किया जाए। जिला प्रशासन द्वारा कृषि भूमि से जल निकासी का कार्य युद्घ स्तर पर जारी है ताकि किसानों की फसलों को नुकसान न हो। जिला प्रशासन लोगों की सुरक्षा के प्रति कृत संकल्प है।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने पाकस्मा के निवासियों की ड्रेन में जल प्रवाह को सुचारू बनाने से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए मौके पर उपस्थित सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तुरंत मौका निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जल निकासी को लेकर पूरी तरह सतर्क है तथा सभी संबंधित विभागों को 24 घंटे अपने सभी संसाधन तैयार रखने के निर्देश दिए गए है।

### सीवर की सफाई करवाना सुनिश्चित करें अफसर

सचिन गुप्ता स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। सचिन गुप्ता ने नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सीवर जाम से संबंधित शिकायत प्राप्त होते हुए तुरंत सीवर की सफाई करवाना सुनिश्चित करें। विभाग द्वारा नागरिकों को स्वच्छ व पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति की जाए। उन्होंने परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय में संशोधन के संदर्भ में कहा कि यदि शिकायतकर्ता द्वारा आईटीआर भरी गई है तो उसी के अनुसार संशोधन किया जाएगा अन्यथा जिला प्रशासन द्वारा संबंधित व्यक्ति के परिवार की आय का भौतिक निरीक्षण करवाया जाएगा।



### एनवायरनमेंट साइंस एग्जीबिशन का आयोजन

**रोहतक।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाखनमाजरा में सोमवार को ब्लॉक स्तरीय एनवायरनमेंट साइंस एग्जीबिशन 2025-26 का आयोजन किया गया। जिसमें लाखन माजरा ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों से 9 से 12वीं कक्षा में पढने वाले बच्चों ने पर्यावरण विज्ञान विषय पर अपने मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में प्रथम स्थान राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय लाखनमाजरा के विनीत को फ्यूचर ऑफ वेस्ट मेटेरियल के लिए, द्वितीय स्थान राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घरौठी की छात्रा सिमरन को बायोप्लास्टिक के लिए, तृतीय स्थान मिला है।




### एमडीयू के भागीरथी गर्ल्स हॉस्टल में अनूठी पहल

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के भागीरथी गर्ल्स हॉस्टल में बीती शाम एक अभिनव पहल के अंतर्गत सामूहिक जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया। चीफ वार्डन गर्ल्स प्रो सपना गर्ग ने बताया कि इस पहल के तहत प्रत्येक माह के अंतिम दिन उस माह में जन्म लेने वाली सभी छात्राओं का जन्मदिन पूरे हॉस्टल परिवार द्वारा मिलकर मनाया जाएगा। उन्होंने हॉस्टल वार्डन राजबाला सांगवान द्वारा शुरू की गई इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस अनूठी पहल का उद्देश्य छात्राओं को हॉस्टल में भी घर जैसा स्नेह, अपनापन और पारिवारिक माहौल प्रदान करना है।

185, Huda Complex, Near ZAD Global School, Rohtak
M. 7404288876, 7419488930
HARTRON SKILL CENTRE
NCVET Recognised
हारट्रोन से जुड़ने का सही समय यही है
Hartron Courses Are Aligned With NSQF
हारट्रोन से कंप्यूटर कोर्स करने के बाद SETC (Part-1) से छुट प्राप्त है
Website : www.hartron-rohtak.com

S.V. COLLEGE
18 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत
हेल्थकेयर क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका
Courses:- Limited Seats
DMLT | HOSPITAL MANAGEMENT
DOTT | Radio & Medical Imaging Technology
Eligibilty 12th in any Stream
All Para Medical Course
(6 Month Certificate, 2/3 Years Programme)
UNDER UGC & MHRD (Govt. of India) Approved
Online Course
(नौकरी के साथ पढ़ाई)
BA - MA | B. COM - M. COM
BCA - MCA | LLB - LLM
BBA - MBA | & many more...
UGC-अप्रूव्ड कोर्स के साथ काउंसिलिंग रजिस्ट्रेशन भी करवाया जाता हैं।
Jind Hissar Bypass Railway Bridge, (Nehru Colony) Rohtak -124001
98126-69100, 94665-10173

